# GYAN KENDRA NOKHA

4.1.21

वर्ग :- 4 विषय - हिन्दी

पाठ - 1

(1) कैसा - कौन

| | कैसा | कौन |
|---|---|---|
| सूरज- सी | चमकीली | थाली |
| चंदा - सा | गोरा | मुँह |
| हाथी- सा | भारी-भरकम | व्यक्ति |
| जोकर - सा | लंबा | टोप |
| परियों - सा | सुंदर | पंख |
| गुब्बारे- सा | फूला | पेट |
| ढोलक - सा | बजता | डिब्बा |

कविता से आगे

(क) तूफ़ान क्या होता है? बादलों को तूफ़ानी क्यों कहा गया है?

उत्तर बारिश के साथ चलने वाली तेज आँधी को तूफ़ान कहा जाता है। बादल ही बारिश और तेज आँधी लेकर आते हैं, इसलिए उनको तूफ़ानी कहा गया है।

Scanned with CamScanner

(ख) साल के किन-किन महीनों में ज्यादा बादल छाते हैं ?

उत्तर जुलाई और अगस्त माह में ज्यादा बादल छाते हैं।

(ग) कविता में 'काले' बादलों की बात की गई है। क्या बादल सचमुच काले होते हैं ?

उत्तर बादल असल में काले नहीं होते, वे तो केवल भाप से बनी बूँदों से बने होते हैं।

(घ) कक्षा में बातचीत करो और बताओ कि बादल किन-किन रंगों के होते हैं।

उत्तर बादल भूरे, काले और सफेद रंग के होते हैं। प्रातः और सायंकाल के समय में लाल रंग के भी दिखते हैं।

(ङ) कविता में बादलों के लिए निम्नलिखित शब्दों का इस्तेमाल किया गया है

म - मतवाले, जि - ज़िद्दी, शै - शैतानी तू - तूफ़ानी

पानी बरसने की कुछ आवाजें :—

टिप-टिप, टप-टप, छम-छम, पट-पट, छप-छप

छर-छर

# पाठ-2

(1) चाल शब्द से वाक्य बनाओ।

उत्तर मार्ग के बीच में मत चलो।

वह तो चल-चल कर थक गया।

तुम दोनों यहाँ बैठो मैं तो चला।

चलो अब खेलने जाओ।

अब उन्हें चलना चाहिए।

इसे ही चलती का नाम गाड़ी कहते हैं।

कैसे चलें, सोहन तो अभी तक आया ही नहीं।

प्रश्न बादशाह अकबर के मंत्री का क्या नाम था?

उत्तर बादशाह अकबर के मंत्री का नाम बीरबल था।

प्रश्न बीरबल से कौन जलते थे?

उत्तर बीरबल से कुछ दरबारी जलते थे।

## एक और शब्द

नीचे लिखे शब्दों की जगह और कौन-सा शब्द इस्तेमाल हो सकता है

उत्तर :- बुद्धिमान – अक्लमंद, मूर्ख – बेवकूफ

अभिमान – अहंकार, विश्वास – भरोसा

संसार – जगत्, कोशिश – प्रयास

(क) मुहावरों का अर्थ :-

नाक-भौंह सिकोड़ना –

कलई-खुलना – भेद प्रकट करना

## पाठ - 3.

प्रश्न कौन-सी छुट्टियाँ चल रही थी ?

उत्तर गर्मियों की छुट्टियाँ चल रही थी।

प्रश्न दोपहर के समय दिनेश घर में बैठा क्या कर रहा था ?

उत्तर दोपहर के समय दिनेश घर में बैठा कहानी पढ़ रहा था।

प्रश्न धरती किसकी तरह जल रही थी ?

उत्तर धरती तवे की तरह जल रही थी।

प्रश्न दिनेश ने गेंद को कैसे देखा

उत्तर दिनेश ने गेंद को उलट-पुलटकर देखा

### तरह-तरह की गेंदें

| | | |
|---|---|---|
| क्रिकेट | — | किरमिच |
| हॉकी | — | रबड़ |
| फुटबॉल | — | चमड़ा |
| वॉलीबाल | — | चमड़ा |
| टेनिस | — | प्लास्टिक |

### इन्हें क्या कहेंगे ?

(क) जिस मकान में दो मंजिलें हो — दो मंजिला घर

(ख) जिस स्कूटर में दो पहिए हो — दो पहिया स्कूटर

(ग) जिस झंडे में तीन रंग हो — तिरंगा झण्डा

(घ) जिस जगह पर चार राहें मिलति हो — चौराहा

(ङ) जिस स्कूटर में तीन पहिए हो — तिपहिया स्कूटर

Scanned with CamScanner

# पाठ - 4

प्रश्न शुरू-शुरू में पापा क्या बनना चाहते थे?
उत्तर शुरू-शुरू में पापा चौकीदार बनना चाहते थे।
प्रश्न पापा किसके पास आकर बैठ गये?
उत्तर पापा कुत्ते के पास आकर बैठ गये।
प्रश्न हमें क्या बनना चाहिए?
उत्तर: हमें अच्छा इंसान बनना चाहिए।

## परिवार

इन्हे क्या कहकर बुलाया जाता है

पापा के पापा — दादा
माँ के पापा — नाना
पापा की माँ — दादी
माँ की माँ — नानी
पापा के बड़े भाई - ताऊ जी
माँ के भाई - मामा जी
पापा की बहन - बुआ जी
माँ की बहन - मौसी जी
पापा के छोटे भाई - चाचा जी
बहन के पति - जीजा जी

परिवार में कौन किस काम में माहिर है? उनके नाम लिखो।

(क) जो बढ़िया कहानी गढ़ सकते हैं - दादी जी, कहानीकार
(ख) जो खूबसूरत कढ़ाई कर सकते हैं मम्मी जी, कढ़ाईसाज

Scanned with CamScanner

(ग) जो [redacted] कामाबाजियाँ खा सकते हैं मोनू कभाबाज
(घ) जो दूसरों की बढ़िया नकल उतार सकते हैं नेहा, नकलबाज
(ङ) जो हाथ से बढ़िया स्वेटर बुन सकते हैं चाची बुनकर
(च) जो सबके सामने किसी चीज के बारे में दो मिनट तक बता सकते हैं पापाजी आशुवक्ता
(छ) जो कठिन पहेलियाँ सुलझा सकते हैं चाचाजी, पहेलीबाज
(ज) जो खुलकर जोर से हँस सकते हैं - सीमा बुआ - हँसोड़
(झ) जो तरह-तरह की आवाजें बना सकते हैं नीटू भैया, नकलची
(ञ) जो अंदाजे से ही चीजों का सही माप या वजन बता सकते हैं - चीकू - अनुभवी
(ट) जो बढ़िया अभिनय कर सकते हैं सुधारानी, अभिनेता

## पाठ - 5

प्रश्न नसीरुद्दीन के पुराने मित्र का क्या नाम था?
उत्तर नसीरुद्दीन के पुराने मित्र का नाम जमाल साहब था।
प्रश्न दोस्त को लेकर नसीरुद्दीन कहाँ गये?
उत्तर दोस्त को लेकर नसीरुद्दीन पड़ोसी के घर गए।
प्रश्न जमाल साहब नराज क्यों हो गये?
उत्तर नसीरुद्दीन ने झूठ बोला था इसलिए जमाल साहब नराज हो गये।

# विपरीतार्थक शब्द

| | |
|---|---|
| अपना - पराया | ऊपर - नीचे |
| अच्छा - बुरा | उत्तीर्ण - अनुत्तीर्ण |
| अर्थ - अनर्थ | क्रय - विक्रय |
| अस्त - उदय | कपूत - सपूत |
| अनाथ - सनाथ | गरीब - अमीर |
| अमावस्या - पूर्णिमा | अचर - चर |
| अपमान - सम्मान | जन्म - मृत्यु |
| आजादी - गुलामी | जय - पराजय |
| आदान - प्रदान | जीत - हार |
| आदर - अनादर | आयात - निर्यात |

## लिंग

| | |
|---|---|
| नाना - नानी | नर - नारी |
| दादा - दादी | लेखक - लेखिका |
| पिता - माता | देव - देवी |
| चाचा - चाची | राजा - रानी |
| बेटा - बेटी | नायक - नायिका |
| पुरुष - स्त्री | कवि - कवयित्री |
| बकरा - बकरी | अभिनेता - अभिनेत्री |
| साहब - मेम | मर्द - औरत |
| मियाँ - बिबी | पति - पत्नी |
| लड़का - लड़की | बूढ़ा - बुढ़िया |
| शेर - शेरनी | दास - दासी |
| मोर - मोरनी | नौकर - नौकरानी |

Scanned with CamScanner

# मुहावरा और उनके अर्थ

(1) अँगूठा दिखाना - अस्वीकार करना
(2) आँख दिखाना - क्रोध प्रकट करना
(3) आँख मारना - इशारा करना
(4) आग में घी डालना - क्रोध को भड़काना
(5) घी के दिये जलाना - खुशियाँ मनाना
(6) तलवे चाटना - खुशामद करना
(7) नौ दो ग्यारह होना - भाग जाना
(8) कमर कसना - तैयार होना
(9) कान फूँकना - बहकाना
(10) नाक रखना - प्रतिष्ठा रखना
(11) पीठ दिखाना - भाग जाना
(12) मुँह न दिखाना - सामने न होना

## पर्यायवाची शब्द

(1) आकाश - गगन, अम्बर, नभ
(2) अग्नि - दहन, आग, अनल, पावक
(3) आँख - नेत्र, लोचन, नयन, चक्षु
(4) अमृत - पीयूष, सुधा, सोम
(5) पुत्री - तनया, सुता, बेटी, लड़की
(6) पुष्प - फूल, सुमन, कुसुम, प्रसून
(7) रात - रात्रि, निशा, रजनी, विभावरी
(8) हाथी - गज, मतंग, कुंजर, द्विप
(9) गणेश - लम्बोदर, गजवदन, गजानन
(10) घर - गृह, भवन, सदन, आलय

Scanned with CamScanner

-HIND

# पाठ - 6

प्रश्न नाव बनाओ नाव बनाओ कविता का सरांश अपनि भाषा में लिखो ?

उत्तर प्रस्तुत कविता हमारे पाठ्य पुस्तक 'रिमझीम' से ली गई हैं। इस कविता की रचना हरिकृष्ण दास गुप्त जी ने की हैं। इस कविता में एक छोटा बच्चा अपने बड़े भाई से कागज की नाव बनाने का आग्रह करता हैं। बच्चा अपने बड़े भाई से आग्रह करते हुए कहता है कि भैया आकाश में बादल छा गए हैं। ऐसा लगता है जैसे वे सात समुद्रों का जल भर लाए हो। इतनी बारिश होने से तो सभी लम्बी-चौड़ी गलियाँ व घर भी भर जाएंगे इसलिए तुम जल्दी आओ और नाव बना दो। पैसों कि चिंता मत करो अपनी गुल्लक में नए-नए पैसे हैं पैसे लेकर बाजार जाओ और रंग-बिरंगे कागज लाओ उसके बाद कैंची तेजी से चलाकर नाव बनाओ। पानी बरसने से उनके बूँदे कूड़ों से टकराते हैं। नाव तैर कर मुझे ~~कि~~ खुशी प्रदान करो भैया कहता है कि ये काम मेरे बस का नहीं है। छोटा भाई कहता आलस्य को छोड़कर भैया मेरे पास जल्दी आओ। और नाव बनाओ।

Scanned with CamScanner

प्रश्न 1 सात समुद्र का नाम बताओ ?

उत्तर (1) प्रशांत महासागर
(2) हिंद महासागर
(3) अटलांटिक महासागर
(4) अरब सागर
(5) उत्तरी ध्रुव महासागर
(6) दक्षिणी ध्रुव महासागर
(7) भूमध्य सागर

प्रश्न(2.) बारिश के मौसम में क्या-क्या होता है? बताओ।

उत्तर बरसात के मौसम में हमारी गलियों और सड़कों पर भी पानी भर जाता है। हमारे मोहल्ले और घर के आस पास बारिश होने पर
(1) नालियाँ पूरी तरह पानी से भर जाती हैं।
(2) कई बार नालियों का गंदा पानी घरों में भी घुस जाता है।
(3) आस-पास गंदगी होने के कारण सारे मुहल्ले में बदबू फैल जाती है।
(4) छोटे-छोटे गड्ढों में पानी भरने के कारण मच्छर पनपने लगते हैं जिसके कारण बीमारियाँ फैलती हैं।

Scanned with CamScanner

## पाठ- 7

① प्रश्न (क) राजा जी कैसे कपड़े पहनता था ?

उत्तर राजा जी झकझक कपड़े पहनता था ।

प्रश्न ख एक बार उस देश में क्या हुआ ?

उत्तर एक बार उस देश में अकाल पड़ा ।

प्रश्न (ग) राजा का क्या कर्तव्य है ?

उत्तर राजा का कर्तव्य जरूरतमंदो की सहायता करना

प्रश्न (घ) संन्यासी कितने दिनों तक प्रतिदिन भिक्षा लेना चाहता था ?

उत्तर संन्यासी बीस दिनों तक प्रतिदिन भिक्षा लेना चाहता था ।

प्रश्न (ङ) सभी ने राजा की तुलना किससे की ?

उत्तर सभी ने राजा की तुलना कर्ण से की ।

प्रश्न (च) कर्ण किसके लिए प्रसिद्ध था ?

उत्तर कर्ण दान देने के लिए प्रसिद्ध था ।

प्रश्न (छ) कर्ण कौन थे ?

उत्तर कर्ण महारानी कुंती के ज्येष्ठ पुत्र थे । वे महाभारत के युद्ध में कौरवों की ओर से सेनापति भी थे । वे बहुत बड़े दानी थे । लोग उन्हें दानवीर के नाम से भी जानते थे ।

2. निचे कुछ शब्द दिए गये हैं जिनके दो-दो अर्थ है। इनका प्रयोग करते हुए वाक्य बनाओ

उत्तर पूर्व = (एक दिशा) मेरे घर के पूर्व एक मंदिर है।

पूर्व = (पहले) पूर्व में मगध का सम्राट अशोक था।

जल = (पानी) वर्षा होने पर चारों ओर जल भर गया।

जल = (जलना) चाय गिरने से हाथ जल गया।

मन = (हृदय) प्रथम आने की बात सुनकर मन खुश हो गया।

मन - (वजन) राम ने दस मन धान खरीदा।

मगर- (जानवर) मगर जल में रहता है।

मगर - (लेकिन) राम के परिश्रम की मगर सफलता नहीमीली

3. तुम्हारे घर में जो पैसा आता है वह किन कामों में खर्च होता है

उत्तर हमारे घर में जो पैसा आता है वह निम्नलिखित कार्यों में खर्च होता है —

(1) राशन खरीदने में
(2) कपड़े खरीदने में
(3) दवाईयाँ खरीदने में
(4) पढाई - लिखाई पर
(5) दूध खरीदने में
(6) रसोई गैस खरीदने में
(7) अखबार खरीदने में
(8) बिजली - पानी का बिल भरने में

Scanned with CamScanner

# पाठ - 8

(1)
प्रश्न - चूहा क्या-क्या सामान कुतर देता है?
उत्तर चूहा चप्पल, जूते तथा खलीता कुतर देता है।

प्रश्न. कौन रात भर जागता रहता है?
उत्तर चूहा रात भर जागता रहता है।

प्रश्न शरारती जीव घर में कहाँ-कहाँ गया?
उत्तर शरारती जीव घर में कपड़ो की अलमारी, पढ़ने की मेज, अनाज के भंडार, रसोई, जूते-चप्पल रखने की जगह सहित घर के सभी कोनो में गया।

प्रश्न शरारती जीव किन-किन चीजो को कुतरा, बिखराया और काटा।

उत्तर

| कुतरा। | बिखराया। | काटा। |
| --- | --- | --- |
| कागज | चीनी | कपड़े |
| प्लास्टिक | चावल | रस्सी |
| लकड़ी | गेहूं | तार |

प्रश्न कबाड़ी क्या-क्या समान खरीदते हैं?
उत्तर कबाड़ी पुरानी किताबे, कापियाँ, अखबार, प्लास्टिक, लोहे के समान, बोतलें आदि को खरीदते हैं।

Scanned with CamScanner

प्रश्न शरारती जीव के अलावा कौन-कौन से जीव तुम्हारे घर में घुस जाते हैं?

उत्तर शरारती जीव के अलावा हमारे घर में मक्खी, मच्छर, मेढ़क, कॉकरोच, चींटी, छिपकली, ततैया, साँप, कुत्ता, बिल्ली आदि घुस जाते हैं।

पाठ-6

काम वाले शब्दों को क्रिया कहते हैं
'नाव बनाओ नाव बनाओ' कविता में ढेर सारी क्रियाएँ हैं उन्हें छाँटो और लिखो

(1) अड़ना | धरना | आना
भड़ना | घिरना | भाना
खोलना | मरना
पड़ना | टटोलना
छाना | बढ़ना
गढ़ना | हर्षाना
हाथ चलाना | भहराना

# व्याकरण

(1) किताब से संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण और क्रिया की परिभाषा तथा उनके भेद लिख कर याद करें

2. किताब से गाय, सरस्वती पूजा, गणतंत्र दिवस, डाकिया और माता जी पर निबन्ध लिख कर याद करें

3. किताब से 50 विलोम शब्द लिखकर याद करें

(4) किताब से 25 लिंग लिख कर याद करें

(5) इन शब्दो का तीन-तीन पर्यायवाची शब्द लिखें

(1) अमृत, आँख, आग, अनादर, आम, कपड़ा, पृथ्वी, पुष्प, सूर्य, पुत्र, देवता पानी, रात, हाथी, गंगा, घर

Scanned with CamScanner

प्रश्न संज्ञा छाँटें-

दूध, हिमालय, लड़का, नदी

गंगानदी, सासाराम, सेना, ईमानदारी

लम्बाई, बचपन, घी, सीता सोना

दिल्ली, गाय, फूल,

प्रश्न वर्ण की परिभाषा एवं उनके भेद लिखें

प्रश्न वर्ण छाँटें-

च, अ, ग, प, इ

न, ओ, ट, उ, ल

आ, ब, ई, ए

प्रश्न इनके विलोम शब्द लिखें:-

आकर्षण, अनुरक्षित, अग्रज, अस्त,
क्रय, उत्थान, विजय, सरल, हर्ष
धनी, साक्षर, प्रशंसा, मधुर, विनाश

Scanned with CamScanner